महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में छात्रावासों में रह रहे छात्रों से मिलते हुए सीएम।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### छात्रावासों में रह रहे छात्रों से मिले सीएम

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी सोमवार को महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज, रायपुर, देहरादून में छात्रावासों में रह रहे छात्रों से मिले। इस अवसर पर उन्होंने छात्रों की कैंटीन का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री को अपने बीच पाकर सभी बच्चे उत्साहित थे। मुख्यमंत्री ने सभी बच्चों को अपनी पढ़ाई एवं खेलों पर ध्यान देने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने उद्देश्य की प्राप्ति के लिए पूरे जज्बे के साथ मेहनत करें। उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को संकल्प के साथ आगे बढ़ना है। मुख्यमंत्री ने खेल विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि इन बच्चों को स्कूल जाने के लिए नई स्कूल बस के लिए जल्द प्रपोजल बनाकर भेंजे।

### गैर इरादतन हत्या में मां बेटे को सात–सात साल की कैद

**संवाददाता** देहरादून। स्पेशल जज पोक्सो मीना देओपा की अदालत ने गैर इरादतन हत्या के एक मामले में आरोपित मां व बेटे को दोषी करार देते हुए दोनों को सात–सात साल की कैद व 10–10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोनों को तीन–तीन महीने अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा। इस मामले में 29 मई को मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ था, लेकिन घायल सागर तिवारी की मृत्यु के बाद मां बेटे के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की धारा में बढ़ोतरी की गई।

### श्रमिकों ने तहसील परिसर में किया धरना–प्रदर्शन

**संवाददाता** ऋषिकेश। अखिल भारतीय सर्वजन श्रमिक कल्याण समिति के बैनर तले श्रमिकों ने तहसील परिसर में धरना देकर अपनी मांगों के समर्थन में प्रदर्शन किया। अपनी 10 सूत्रीय मांगों के समर्थन में आंदोलन चला रहे अखिल भारतीय श्रमिक कल्याण समिति के बैनर तले श्रमिकों ने सोमवार को तहसील परिसर में धरना देकर प्रदर्शन किया। समिति की ओर से उत्तराखंड कांग्रेस के महासचिव राजपाल खरोला ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

### एयरटेल ने की संशोधित मोबाइल टैरिफ की घोषणा

**संवाददाता** देहरादून। भारती एयरटेल काफी समय से मोबाइल एवरेज रेवेन्यू पर यूजर को बढ़ाने के विषय में अपने विचार व्यक्त करती आई है। इसी दिशा में एयरटेल एवरेज रेवेन्यू पर यूजर को 200 रुपये और अंततः 300 रुपये रखना चाहती है,ताकि पूंजी पर उचित रिटर्न मिल सके जो वित्तीय रूप से एक स्वस्थ व्यवसाय मॉडल की पुष्टि करता है। एयरटेल मानती हैं कि यह एआरपीयू का स्तर नेटवर्क और स्पेक्ट्रम में आवश्यक निवेश को सक्षम करेगा। एयरटेल के मुताबिक नए टैरिफ 26 नवंबर 2021 से बदल जाएंगे।

## जन सुझावों को ध्यान में रखते हुए बनाया जायेगा रोडमैप: सीएम

■ मुख्यमंत्री ने बोधिसत्वः विचार श्रृंखला के तहत किया जन संवाद

**ई–संवाद**

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित जनता दर्शन हॉल में आत्मनिर्भर उत्तराखण्ड/ 25 बोधिसत्वः विचार श्रृंखला के तहत प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले लोगों के साथ प्रत्यक्ष एवं ई–संवाद किया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को 2025 तक सभी क्षेत्रों में अग्रणी राज्य बनाने के लिए हम सबको मिलकर प्रयास करने होंगे। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े महानुभावों के जो भी सुझाव प्राप्त होंगे, उनको ध्यान में रखते हुए आगे के लिए रोडमैप तैयार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि इस जन संवाद से जो अमृत निकलेगा, प्रदेश के समग्र विकास के लिए भावी रणनीति पर कार्य किया जायेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की




भौगोलिक परिस्थितियां अलग हैं। प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए राज्य सरकार हर संभव प्रयास कर रही है।

**समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं की जा रही हैं क्रियान्वितः** मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में केन्द्र सरकार से राज्य को हर क्षेत्र में पूरा सहयोग मिल रहा है। केन्द्र सरकार के सहयोग से राज्य में हवाई, रेल एवं सड़क कनेक्टिविटी का तेजी से विस्तार हुआ है। राज्य सरकार द्वारा स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार, स्वरोजगार एवं अन्य मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए योजनाएं क्रियान्वित की जा रही हैं। समाज के अंतिम पंक्ति पर खड़े लोगों तक सरकार की योजनाओं का पूरा लाभ पंहुचाया जा रहा है।

**दीर्घकालिक सोच के साथ उत्तराखण्ड में हो रहे हैं अनेक क्षेत्रों में कार्यः** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड में दीर्घकालिक सोच के साथ अनेक क्षेत्रों में कार्य हो रहे हैं। नदियों एवं नालों के पुनर्जीवीकरण। वन्य जीवों के संरक्षण, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए एक जिला दो उत्पाद, लोकल फॉर वोकल पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने लोगों से अपील की कि उत्तराखण्ड से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर अधिक से अधिक अनुसंधान कार्य किया जाए। पलायन को रोकने एवं सीमान्त क्षेत्रों के विकास के लिए अनेक प्रयास किये जा रहे हैं। स्मार्ट पुलिसिंग और और साइबर सिक्योरिटी की दिशा में प्रभावी कदम उठाये जा रहे हैं।

**मुख्यमंत्री ने प्राप्त किये विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोगों के सुझावः** इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य करने वाले लोगों से संवाद किया एवं उनके सुझाव भी लिए। संवाद के दौरान टिहरी जनपद के श्री संजय बहुगुणा ने सुझाव दिया कि वेस्ट को बेस्ट में बदलने के लिए अपशिष्ट पदार्थों से अनेक सजावटी वस्तुएं बनाई जा रही हैं। अपशिष्ट पदार्थों के लिए कलेक्शन सेंटर बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनके मानव अधिकार संरक्षण संगठन द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं को ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों तक पहुंचाई जा रही है।

उत्तरकाशी के अनिल डंगवाल ने कहा कि नाकुरी, उत्तरकाशी में पारंपरिक घराटों का संचालन किया जा रहा है। इस क्षेत्र में अनेक महिलाएं कार्य कर रही हैं।

### युवा राज्य को युवा सोच के साथ आगे बढ़ाना जरूरीः डा. अनिल प्रकाश जोशी

पद्म भूषण एवं हेस्को के संस्थापक डॉ. अनिल प्रकाश जोशी ने कहा कि सामुहिकता में हमेशा बल होता है। मुख्यमंत्री ने समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों से जो संवाद स्थापित किया है। इससे प्रदेश के हित के लिए अवश्य अमृत निकलेगा। उन्होंने कहा कि उतराखण्ड राज्य के 21 सालों के इस सफर में अनेक उतार–चढ़ाव देखने को मिले। उत्तराखण्ड हिमालयी राज्य है। हिमालय नवीन पर्वत श्रृंखला है और उत्तराखण्ड भी युवा राज्य है। युवा राज्य को युवा सोच के साथ आगे बढ़ाना जरूरी है।

## प्री प्राइमरी की कक्षा शुरू कर शिक्षकों को किया जाए नियुक्त

**धरना**

■ शिक्षा प्रेरकों ने किया सचिवालय कूच, पुलिस ने रोका, धरने पर बैठे शिक्षक

**संवाददाता**

देहरादून। राज्य कर्मचारी में समायोजित करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षा प्रेरकों ने सचिवालय कूच किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को सचिवालय से पहले बैरिकेड लगाकर रोक दिया। देर शाम तक शिक्षा प्रेरक वहीं धरने पर डटे रहे।

सोमवार को शिक्षा प्रेरक संगठन उत्तराखंड के बैनर तले शिक्षा प्रेरक परेड ग्राउंड में एकत्रित हुए। यहां से नारेबाजी करते हुए



सचिवालय के लिए निकले। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर सचिवालय से पहले प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। इसके बाद प्रदर्शनकारी नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गए। संगठन की अध्यक्ष सुनीता पंवार ने बताया शिक्षकों को राज्य कर्मचारी में समायोजित किया जाए। उपनल व आउटसोर्स के माध्यम से अन्य विभागों में समायोजित किया जाए।

प्राथमिक विद्यालय में प्री प्राइमरी की कक्षा शुरू कर शिक्षकों को नियुक्त किया जाए। बताया प्रदेश में करीब साढ़े पांच हजार शिक्षा प्रेरक हैं। जो वर्ष 2009 से स्कूलों में कार्यरत थे। सरकार ने उन्हें 2018 में हटा दिया था। शिक्षकों ने बीएलओ, साक्षर भारत मिशन, जनधन खाते खुलवाने में अपनी सेवाएं दी है। बताया मांग पूरी न होने पर प्रदेश भर में उग्र आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर अरविंद जोशी, सकल चंद आर्य, महेश चन्द्र मिश्रा, बलवंत रावत, पूनम रावत, सुशीला बिष्ट आदि मौजूद रहे।

**सरकार हठधर्मिता छोड़ नियुक्ति प्रक्रिया में शामिल करेः गोदियाल** लंबे समय से प्राथमिक शिक्षक भर्ती में शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत एनआइओएस डीएलएड प्रशिक्षुओं ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल से मिलकर पार्टी का समर्थन मांगा। प्रतिनिधिमंडल प्रदेश कांग्रेस के सचिव महेश जोशी की अगुआई में सोमवार को राजपुर रोड स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल से मिला।

### उत्तराखंड में डिग्री कालेज के छात्रों को स्मार्ट टैब देगी सरकार

**संवाददाता** ऋषिकेश। प्रदेश के राजकीय महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्रों को प्रदेश सरकार निश्शुल्क स्मार्ट टैब उपलब्ध कराएगी। उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि सरकार की इस योजना में पांच सौ करोड़ रुपये का व्यय किया जा रहा है, जिससे प्रदेश के 27 लाख से अधिक छात्र लाभान्वित होंगे। यह योजना इसी सत्र में लागू की जा रही है। सोमवार को श्रीदेव सुमन उत्तराखंड विश्विविद्यालय के ऋषिकेश परिसर में कालेज के लिए 20 अगस्त 1973 में 49.02 एकड़ भूमि दान करने वाले श्रीभरत मंदिर परिवार के स्व. पं. ललित मोहन शर्मा की मूर्ति का अनावरण किया गया। मुख्य अतिथि उच्च शिक्षा मंत्री डा. धन सिंह रावत, विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल, महापौर अनीता ममगाईं व विवि के कुलपति प्रो. पीपी ध्यानी ने महाविद्यालय परिसर में संयुक्त रूप से पं. ललित मोहन शर्मा की मूर्ति का अनवरण किया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून
ही मान्य होगा।